आठ युवकों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर पुलिस ने गश्त के दौरान शहर में बस स्टैंड के नजदीक संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आठ युवकों को मंगलवार को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में पुलिस ने इस्तगासा पेश कर युवकों को पाबंद करवाने की कार्रवाई की है। थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गश्त के दौरान आवारा और संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवकों को रोक कर पूछताछ की तो संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। जिस पर पुलिस ने शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया मोनू नाई उम्र 25 साल निवासी पिंजोकरा तोशाम जिला भिवानी हरियाणा, सुनील कुमार उम्र 22 साल निवासी सिधनवा बहल भिवानी हरियाणा, अमन उम्र 22 साल निवासी चहडकला जिला भिवानी हरियाणा, अनिल कुमार उम्र 30 साल निवासी विदवान थाना सिवानी जिला भिवानी हरियाणा, साहिल उम्र 19 साल निवासी नेकीपुर लोहारू जिला भिवानी हरियाणा तथा रमन उम्र 32 साल निवासी बुद्ध शैली थाना सिवानी जिला भिवानी हरियाणा सहित पूनम चंद उम्र 19 साल निवासी डोकवा व सनदीप उर्फ काला उम्र 18 साल निवासी लंबोर छोटी को गिरफ्तार किया गया है तथा सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पाबंद करवाने की कार्रवाई की है।

शहर के कई रास्तों पर खुले व गंदे नाले लोगों के लिए जी का जंजाल बने

चूरू, (कासं)। चूरू में ना तो प्रशासन आंखें खोल रहा है और ना ही जनप्रतिनिधि, ऐसे में जनता बहुत परेशान है। समस्या समाधान के लिए लोग जाएं तो जाएं कहां, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय पर नगर परिषद् प्रशासन की अनदेखी के चलते शहर के कई रास्तों पर खुले पड़े नाले और गंदे नाले लोगों के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं। मजे की बात यह है कि नगरपरिषद वालों को

- **जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को बड़े हादसे का इंतजार**
- **जिला कलेक्टर के कार्यालय के मुख्य गेट के सामने ही नाला खुला पड़ा है**

कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है।

चूरू में कलेक्टर के कार्यालय के मुख्य गेट के सामने ही नाला खुला होने से ट्रैक्टर ट्रॉली नाले में फंस गई।

आश्चर्य तो इस बात का है कि जिले के मुखिया जिला कलेक्टर के कार्यालय के मुख्य गेट के सामने ही नाला खुला पड़ा है। यहां दीपक तले अंधेरा वाली कहावत सार्थक सिद्ध होती दिखाई दे रही है। मंगलवार को नगर परिषद् की स्वयं की एक ट्रैक्टर ट्रॉली उस गड्ढे में फंस गई। चालक के द्वारा लाख कोशिश करने के बावजूद ट्रॉली वहां से नहीं निकल सकी। इस रास्ते से दिनभर जिले के आला अधिकारियों का आगमन होता रहता है। नगर परिषद् आयुक्त स्वयं भी अनेकों बार बैठक में शामिल होने के लिए इसी रास्ते से आती हैं। लेकिन इस ओर किसी की भी आंख नहीं खुलती।

जिले की सबसे बड़े कलेक्ट्रेट के मेन गेट के सामने इस तरह से नाला खुला होना नगर परिषद् की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है। दूसरी ओर यहां के छोटे-बड़े सभी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद मुंह फुलाकर घूम रहे हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों को तो शोक व्यक्त करने के लिए किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

हादसा होने पर ही वे समस्या का समाधान करवाने की बात कहेंगे। इतना ही नहीं चूरू शहर का सौंदर्य भी दागदार हो रहा है। इसके लिए नगरपरिषद, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि खुद जिम्मेदार हैं।

टैगोर में मातृत्व दिवस मनाया

झुंझुनूं,(निसं)। मंडावा रोड स्थित द टैगोर स्कूल में मातृत्व दिवस मनाया गया। संस्था की एकेडमिक डायरेक्टर नेहा शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान नन्हें बच्चों द्वारा नृत्य, नाटक, ड्रामा सहित कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों की माताओं ने भी बढ - चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं का तिलाकार्चन कर पैर धोए और माताओं को बेस्ट मॉम का टैग दिया गया। समारोह में बच्चों द्वारा ड्रामा का मंचन किया गया। जिसमें ये बताया गया कि किस तरह माता - पिता के बुजूर्ग हो जाने पर उनकी देखभाल की बजाय उन्हें अनाथ आश्रम में छोड दिया जाता है। बच्चों द्वारा किया गया ड्रामा समारोह में आई माताओं को सबसे अधिक प्रिय लगा। जिसने सभी की आंखें नम कर दी। इसके बाद माताओं के संग बच्चों की नृत्य प्रस्तुति हुई। जिसमें माताओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। माताओं के साथ किया गया बच्चों का परफॉर्मेंस ने सभी का दिल छू लिया। एकेडमिक डायरेक्टर नेहा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में रैंप वॉक, डांस सहित अनेक प्रतिगिताएं हुई। जिसमे बच्चों की माताओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आई सभी माताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में हिस्सा लेने वाली माताओं को गिफ्ट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर खुशबू शेखावत, पिंकी सोमरा, सोनिया, ऋतिका, सुनिता सोमरा, कीर्ति, संजू तिलोटिया, मुकेश, ममता सहित अनेक अध्यापिकाएं उपस्थित थी।

सार-समाचार

प्रतिभाओं का सम्मान किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। पीएमश्री के विद्यालय इंद्रपुरा ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई बोर्ड परिणाम में अपना परचम लहराया है। विद्यालय के प्राचार्य मनवीर सिंह मीना ने बताया कि कक्षा 10 का बोर्ड परिणाम लगातार आठवें वर्ष भी शत प्रतिशत रहा, इसके साथ ही कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 91.6 फीसदी अंक लाकर लक्की सीगड़ प्रथम,भावना कंवर द्वितीय एवं दिव्या कंवर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10 के परिणामों में 93.4 फीसदी अंकों के साथ सलीना कुरैशी प्रथम, रोहित सैनी द्वितीय,हार्दिक एवं प्रतीक तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के अच्छे परिणाम पर विद्यालय परिवार के साथ,अभिभावकों ने भी मिठाई बांटकर प्रसन्नता जाहिर की।

खाजुवाला विधायक का तारानगर में स्वागत

तारानगर, (निसं)। तारानगर के भाजपाइयों ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद तैयब के नेतृत्व में मंगलवार को सात्युं सर्किल स्थित अलबेला ऑफिस में हरियाणा प्रवास जाते समय खाजुवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक मेघवाल ने तारानगर भाजपाइयों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बन रही है। प्रदेश की भाजपा जनहित कार्य के लिए तत्पर है। स्वागत के दौरान इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद नगरपालिका त्रिलोक रेगर, पार्षद नरेश सैनी, शिवकुमार शर्मा पार्षद , युवा नेता अलबेला, राकेश टाक, मोहम्मद इलियास आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

गोचर भूमि में बदमाश ने लगाई आग

सादुलपुर, (निसं)। देवीपुरा गांव की गोचर भूमि में खड़े कूचों में कोई अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार सुबह आग लगा दी तथा तेज हवाओं के कारण देखते-देखते सूखे कूंचे आग से जलने लगे। आसमान में धुआं देखकर ग्रामीणों को पता चला कि आग गांव के नजदीक ही लगी है तथा गांव की ओर बढ रही है।ऐसी स्थिति में ग्रामीणों ने सरपंच को फोन पर सूचना दी। सरपंच ने तुरंत पुलिस को सूचना की तथा पुलिस फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंची एवं ग्रामीण तथा स्कूली विद्यार्थियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर मौके पर पहुंचकर धूल मिट्टी से गांव के नजदीक जल रहे कुचों को बुझाने का प्रयास किया। सरपंच चांदकौर सहित गांव के सरपंच प्रतिनिधि मनोज बाडेटिया, महेंद्र सिंह, भरत सिंह, अशोक कुमार, कुरडा राम, सुरेश कुमार, श्री राम, शीशराम हंसराज आदि ने बताया कि गांव में स्थित स्कूल के पीछे तथा ग्राम पंचायत भवन के आसपास मंगलवार सुबह 6.30 बजे

- **फायर ब्रिगेड और स्कूली विद्यार्थियों के सहयोग से आग पर पाया काबू**

लगभग किसी अज्ञात व्यक्ति ने हजारों की संख्या में गोचर में खडे कुचों में आग लगा दी। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले भी ऐसी घटना हुई थी। जिसमें कुछ कूंचे जलकर राख हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सूखे हुए कूंचे जिसको स्थानीय भाषा में सरकणा बोलते हैं जो जल्दी आग पकड़ते हैं। तेज हवाओं के कारण देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर आग गांव में पहुंच जाती तो बहुत बडी अनहोनी घटना घटित हो सकती थी। लेकिन समय पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंच गई। जिसके कारण आग पर काबू पा लिया गया। वहीं सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने थाना अधिकारी को लिखित शिकायत कर घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हत्या के प्रयास में फरार आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को सिद्धमुख थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि आरोपी भेरू सिंह उर्फ भूर सिंह राजपूत उम्र 46 साल निवासी चैनपुरा छोटा पुलिस थाना सिद्धमुख को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लेंगे। जिसके बाद मामले में शामिल फरार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जावेगी। थाना अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में 13 मार्च 2024 को मोहर सिंह निवासी चेनपुरा छोटा पुलिस थाना सिद्धमुख ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका छोटा भाई लिछमण सिंह किसी काम से भैरुसिंह भाटी व धोलु भाटी के घर गया था। जिस पर भैरुसिंह व धोलु भाटी ने एक राय होकर उसके भाई के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट की जिसके कारण उसके भाई के हाथ-पैर टूट गये तथा घटना के बाद आरोपी फरार हो गए।

स्वीकृति संस्कृति संस्थान के पोस्टर का विमोचन

चूरू, (कासं)। चूरू के जैन गेस्ट हाउस में सामाजिक संस्था स्वीकृति संस्कृति संस्था का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पोस्टर विमोचन किया।

स्वीकृति संस्कृति संस्था की संस्थापक विमला शर्मा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण, लोक संस्कृति, योगा, सनातन प्रचार, बालिकाओं को आत्मरक्षा, सामाजिक सरोकार आदि विषयों को लेकर इसका निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शर्मा ने बताया कि मधुर स्पेशल शिक्षण संसथान से अंजू नेहरा, युक्ति सामाजिक शोध संस्थान से पूजा सोनी, चूरू एकता मंच से उषा सोनी, युवा रक्त वाहिनी से किशोर चंदेल, सालासर हनुमान सुंदरकांड समिति से केसर देव तंवर व उनकी टीम, भामाशाह व पक्षी संरक्षणकर्ता चंदन मल सारस्वत को माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। भावना सैनी, गरिमा, जीविका ने अतिथि

चूरू के जैन गेस्ट हाउस में सामाजिक संस्था स्वीकृति संस्कृति संस्था का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पोस्टर विमोचन किया।

गीत गाया। समीक्षा, मुस्कान ने त्योहारों का देश हमारा, हमको इससे प्यार है गीत की प्रस्तुति दी। साइन, लक्ष्मी, काजल, निधि ने सूर्य नमस्कार और योग से संबंधित विभिन्न क्रियाएं की। छोटी छोटी बालिकाओं और महिलाओं ने जब एक साथ मिलकर राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाना गया तो पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो गया और जय श्री राम के नारे लगे। विजयलक्ष्मी शर्मा ने बांसुरी के साथ लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जयप्रकाश शर्मा, रमेश सोनी, महेश हारीत, मुकुल भाटी, बाबूलाल प्रजापत, चंद्र प्रकाश शर्मा, योगेंद्र सिंह, दीपांशु व्यास, पूनम कंवर, बबिता दर्जी, सूर्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद राठी ने किया।

जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप सम्पन्न

सादुलपुर, (निसं)। द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडमी राजगढ में जिला जूनियर बालक-बालिका तथा जिला यूथ बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें चयनित विभिन्न भार वर्ग के मुक्केबाज स्टेट चैंपियनशिप हेतु जाएंगे।

एकेडेमी में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज निशा गुलेरिया ने भी भाग लिया। ज्ञातव्य है कि निशा गुलेरिया एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट तो है ही साथ ही हाल ही में हुई वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 की भी स्वर्ण पदक विजेता यानी वर्ल्ड चैंपियन है।

यहां चूरू जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष विवेक पूनिया उपाध्यक्ष मनोज पूनिया, द्रोणाचार्य अवार्डी चीफ कोच अनूप कुमार बघेला, प्रो. दिलीप पूनिया, विजेंद्र गुलेरिया आदि ने प्रतियोगिता सम्पन्न करवाई तथा वर्ल्ड चैंपियन निशा को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया। प्रतियोगिता में बॉक्सर निशा गुलेरिया व राशी का मुकाबला सबसे रोचक रहा। चूरू की जूनियर बॉयज टीम जयपुर में होने वाली स्टेट चैंपियनशिप हेतु 16 मई को रवाना होगी। इसी प्रकार जूनियर व यूथ गर्ल्स की टीम स्टेट चैंपियनशिप हेतु 31 मई को दौसा जाएगी। जिसमें निशा गुलेरिया, स्नेहा, राशी, नेहा व नकिता कुमारी राजस्थान की स्टार बॉक्सर हैं। बॉयज के साथ टीम मैनेजर अमरदीप व अनुज कोच जाएंगे तथा गर्ल्स टीम के साथ टीम मैनेजर बेला पूनिया और कोच रोहित टोकस जाएंगे। वहीं आज चयन के समय सेलेक्शन कमेटी में मोहम्मद इस्लाम, राकेश पूनिया तथा कार्यकारिणी मेम्बर अमरदीप स्वामी थे।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 38/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चुंकि प्रार्थी श्री देवीसिंह चौधरी पुत्र श्री अर्जुनसिंह चौधरी, निवासी वार्ड नं. 41 कैलाश नगर पिपराली रोड सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास देव शिक्षण संस्थान, कैलाश नगर पिपराली रोड सीकर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 12.07.2024

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री मोहनी सारण उम्र 20 वर्ष है। जो मेरे कहे में नहीं है। इसलिए मैं मेरी पुत्री मोहनी सारण से आज के बाद किसी प्रकार कोई संबंध नहीं रखुंगा। तथा मेरी पुत्री को मैं मेरी पुत्री नहीं मानूंगा। तथा किसी भी प्रकार का कोई संबंध सरोकार नहीं रखूंगा तथा मैं मेरी पुत्री मोहनी सारण को आज के बाद मेरी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। मेरी चल-अचल सम्पत्तियों में आज के बाद कोई हक हिस्सा नहीं रहेगा। तथा उससे मैं व मेरा पुरा परिवार संबंध विछेद करते है। मोहनी सारण आज के बाद मेरी अचल सम्पत्तियों में किसी प्रकार से कोई हक हिस्सा नहीं मांग सकेगी तथा ना ही कोई क्लेम दावा आदि ही कर सकेगी। अगर कोई क्लेम दावा आदि करेगी तो वो अमान्य माना जायेगा। मेरी पुत्री मोहनी सारण का मेरे से व मेरे परिवार से किसी प्रकार कोई संबंध सरोकार नहीं रहा है और मैं उसे बेदखल करता हूँ। यह कि मेरी पुत्री मोहनी सारण को मेरे हक हिस्से व अचल सम्पत्तियों से कानूनी रूप से बेदखल कर दिया है। और उसका कोई हक हिस्सा नहीं रहा है तथा ना ही किसी प्रकार का कोई संबंध सरोकार ही रहा है। यह घोषणा मैंने मेरी पुत्री मोहनी सारण के बारे में होश हवास दुरूस्ती से बिना किसी जबरन दबाव के स्वस्थ मन मस्तिष्क से लिख दिया है। वक्त पर जरूरत काम आएं।

महेन्द्र सहारण पुत्र मलूराम
पता- गांव जैतसीसर सरदारशहर
जिला चूरू (राज.)

शहीद करणीराम रामदेव का शहादत दिवस मनाया

झुंझुनूं,(निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित अमर शहीद करणीराम रामदेव स्मारक स्थल पर उनका बलिदान दिवस जिले के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, अधिवक्ताओं, किसानों, युवाओं एवं गणमान्यजनों द्वारा उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस दौरान पूरा स्मारक उनके जयघोषों से गूंजता रहा। पार्क समिति के संयोजक विजय गोपाल मोटसरा ने वर्षभर की प्रगति का ब्यौरा दिया और अपने विचार प्रकट किए। सांसद नरेंद्र खीचड ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे समाज के कर्णधारों का बलिदान अपने आंचल और देश के लिए अतुल्य है। इससे हम सबको नई संजीवनी प्रदान की है। अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए इनके योगदान को नई पीढी तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए इन्हें श्रद्धांजलि दी। प्यारेलाल ढूकिया द्वारा पार्क के आगामी वर्ष के रख रखाव की जिम्मेदारी ली। शिक्षाविद् हरिराम महण ने दक्षिण दिशा की ओर एक द्वार बनाने की सहमति प्रदान की। इसके बाद ताराचंद गुप्ता द्वारा मूर्तियों की सुरक्षा और साफ - सफाई के लिए अपनी तरफ से भव्य शेड बनवाने की घोषणा की। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमान प्रसाद, उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, पूर्व तहसीलदार नेमीचंद पूनियां, राजेंद्र थोरी, मनफूल सिंह बिजारणियां, हरिराम चंदवा, कुंभाराम डोगीवाल, बाबूलाल पीटीआई, रामस्वरूप गजराज, राजन चौधरी, फूलचंद ढेवा, बजरंगलाल एडवोकेट, रामस्वरूप जाखड, सुमेर झाझडिया, महिपाल भांबू, हंसराज फोगाट, निहाल सिंह खीचड, नरेश खादीवाला, शिवकरण जानूं, सुरेश जाखड, महेंद्र नेहरा, बूटीराम मोटसरा, शीशराम कामरेड, विजयहिंद जालिमपुरा, सुरेंद्र सोहू, डॉ. रोहित चौधरी, कामरेड त्रिलोक सिंह और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

स्थाई वांरटी गिरफ्तार

चूरू, (कासं)। सरदारशहर थाना पुलिस ने एक स्थाई वांरटी को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत अति पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस व वृताधिकारी वृत सरदारशहर अनिल कुमार महेश्वरी आरपीएस के सुपर विजन में अरविंद कुमार पु.नि. थानाधिकारी सरदारशहर के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम प्रभारी संजय कुमार हैडकानि मय टीम द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट में फरार स्थाई वांरटी बंटी पुत्र कृष्णपाल निवासी शंकर कॉलोनी बीकमसरा रोड, कस्बा सरदारशहर को कस्बा सरदारशहर से गिरफ्तार किया गया है।

1260 किलोग्राम डोडा-पोस्त सहित एक तस्कर गिरफ्तार

चूरू, (कासं.)। पुलिस थाना सरदार शहर एवं जिला स्पेशल टीम चूरू की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 1260 किलोग्राम अवैध-डोडा पोस्त छिलका जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद डोडा- पोस्त छिलका की अनुमानित कीमत करीब 2.50 करोड़ रुपए है।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अति पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस व वृताधिकारी वृत सरदारशहर अनिल महेश्वरी आरपीएस के सुपर विजन में अरविन्द कुमार पुनि. थानाधिकारी सरदारशहर के नेतृत्व में मंगुराम उनि मय टीम द्वारा अवैध डोडा-पोस्त छिलका के विरूद्ध कार्रवाई की। टीम ने रोही राणासर बीकान मेघा हाईवे रोड सरदारशहर से रतनगढ़ पर नाकाबंदी करके आरोपी सुरेश कुमार पुत्र रामकुमार नायक निवासी कालवास पुलिस थाना आजाद नगर जिला हिसार हरियाणा के कब्जे से अवैध डोडा पोस्त छिलका मय बन्द कंटेर को जब्त कर गिरफ्तार किया गया। सुरेश कुमार के खिलाफ अभियोग एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया।

समर्पण दिवस मनाया

चरू, (कासं)। नगरश्री में संत निरंकारी मिशन के हृदय सम्राट सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस मनाया गया। आयोजकों ने कहा कि, बाबा हरदेव सिंह प्रेम व सादगी की प्रतिमूर्ति थे। जिन्होंने मिशन की 36 वर्ष तक बागडोर संभाली व मानव मात्र को शांति सद्भाव का पाठ पढ़ाया।

युग दृष्टा बाबा हरदेव सिंह ने एक तत्व में सदभाव, वसुदेव कुटुंबकम और एक जानों एक को मानो जैसे संदेश दिये। जिसमें लोक कल्याण की भावना निहित है। इसी प्रकार परस्पर प्रेम और मिलवर्तन के भाव को मजबूत करने के लिए दीवार रहित संसार की कल्पना को साकार रूप दिया। इस दिन पूरे विश्व में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। बाबा हरदेव सिंह ने कहा था कि खून नालियों में ना बहाकर मनुष्य की नाड़ियों में बहना चाहिये। सत्संग कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सरदारशहर की सुशीला शर्मा ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह ने अपने जीवन को इतना सहज सहनशील बनाया है कि इस मिशन को ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। बाबा ने कहा कि मनुष्य को स्वार्थी न होकर नि:स्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिये। मनुष्य का जीवन हर परिस्थिति में समान होना चाहिये। मनुष्य को सुख-दु:ख में हमेशा भागीदार बनना चाहिये। कार्यक्रम में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कोमल बुंदेला ने किया।

इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में 218 में से सिर्फ 62 विद्यालयों की उपस्थिति रही

चूरू, (कासं)। राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय इंस्पायर अवार्ड सत्र 2022-23 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील भास्कर थे। वहीं प्रधानाचार्य सूर्यकांत शर्मा व रामकुमार खिचड़ विशिष्ट अतिथि थे।

कार्यक्रम प्रभार विजयपाल धुआं ने बताया कि प्रदर्शनी में 218 विद्यालयों का पंजीकरण हुआ जिसमें 62

- **चूरू में दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी का समापन**
- **उपस्थित नहीं होने वाले विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाने से वंचित रहे**

विद्यालयों की उपस्थिति रही। स्टेट प्रदर्शनी में कुल 6 विद्यालयों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को मंगलवार को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह

राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी के समापन पर छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

प्रदान कर सम्मानित किया गया। चयनित विद्यार्थी स्टेट प्रदर्शनी में भाग लेंगे। इस दौरान अपने मॉडल को अपग्रेड व सुधार कर सकते हैं। लेकिन विषय व आइडिया में परिवर्तन नहीं कर सकते। इस अवसर पर सुनील कुमार भास्कर, जीवणराम सैनी, सूर्यकांत शर्मा, भगवान राम सहारण, ज्योति शर्मा, देवकरण, कुलदीप सिंह, दिनेश शर्मा आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हंसा शर्मा, प्रीति सामौर, मंजू, अलका, एकता माथुर, रामकुमार झारिया, निखिल, सुभाष ढाका, चंदगीराम दूत, रेणू सूईवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य नन्दलाल बौद्ध ने किया। पंजीकरण के बाद उपस्थित नहीं होने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही होगी या नहीं, अभी किसी अधिकारी ने यह बात नहीं बताई है। कुल मिलाकर उपस्थित नहीं होने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पाया, जिम्मेदार कौन है।

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो लगाने वाला गिरफ्तार

चूरू, (कासं)। भानीपुरा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो लगाने वाले एक जने को गिरफ्तार किया है।

यहां जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि पुलिस थाना भानीपुरा की टीम को सोशल मीडिया के माध्यम से व गांवों में बने सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से पता चला कि गांव मेहरासर उपाध्यान का किशनलाल अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एकाऊंट पर हथियार सहित अपनी फोटो अपलोड कर रखी है, जिससे गांव व आमजन में भय, खौफ व दहशत का माहौल बना हुआ है। इस पर पुलिस थाना भानीपुरा टीम द्वारा गांव मेहरासर उपाध्यान में अपने सोशल मीडिया एकाऊंट पर हथियार के साथ फोटो लगाकर आमजन व गांव के लोगों में भय का माहौल पैदा करने वाले गैरसायल किशनलाल पुत्र मुखराम जाति जाट निवासी मेहरासर उपाध्यान तहसील भानीपुरा जिला चूरू को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार चूरू पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाये हुए है। भविष्य में भी इस प्रकार हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाले सरारती तत्वों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स शान्ती देवी, एम एल नम्बर 2486 / 2012 - एरिया 03.00 हैक्टेयर मे खनन इकाई द्वारा वर्तमान क्षमता 30420 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 4,99,930 टन प्रति वर्ष एवं वर्तमान खनिज ग्रेनाइट के अतिरिक्त चेजा पत्थर शामिल करने एवं क्लस्टर संख्या 03 कुल क्लस्टर क्षेत्र - 29.00 हैक्टेयर के भितर स्थित 9 खनन पट्टों का आकार इस प्रकार है- (MI No. 2521/2012 श्री दलीप सिंह मीणा, ग्रेनाइट एरिया - 03.00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता 753300.00 TPA, M.I.No.2582/2012 श्री शाकम्बरी ग्रेनाईट्स, ग्रेनाईट एरिया 03:00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता - 3,00,51700 TPA, MI. No- 2581/2012 मैसर्स शाकम्बरी ग्रेनाईट्स ग्रेनाईट एरिया - 03.00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता - 3,16,960.00 TPA, M.I-No- 2474 / 2012 श्रीमती गोपाली देवी मीणा, ग्रेनाईट और मैसनरी स्टोन एरिया - 03.00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता - 2,42,890.00 TPA, MI No. 2580/2012 मैसर्स शाकम्बरी ग्रेनाईट्स ग्रेनाईट एरिया - 03:00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता - 3,09,945.00 TPA MI No- 2577/2012 मैसर्स बालाजी एस.के. टी. प्राईवेट लिमिटेड ग्रेनाईट एरिया - 03.00 हैक्टेयर, उत्पान क्षमता 7,04,700.00 TPA MI No- 2579/2012 मैसर्स बालाजी एस. के.टी प्राईवेट लिमिटेड, ग्रेनाईट, एरिया - 02.00 हैक्टेयर, उत्पान क्षमता - 4,69,800.00 TPA M.I. No- 2498/2012 श्री नवरत्न, ग्रेनाईट एरिया - 03.00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता - 1,83,775.00 TPA M.I. No- 2492 / 2012 श्री राजेन्द्र कुमार, ग्रेनाईट, एरिया - 03.00 हैक्टेयर उत्पान क्षमता 3,04,985.00 TPA, ग्राम - हुकुमपुरा - बामलास, तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला- झुन्झुनूं (राज.) में खनन इकाई में खनिज ग्रेनाईट के अतिरिक्त चेजा पत्थर शामिल करने हेतु परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति के सम्बन्ध में पर्यावरणीय लोक सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेज के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया था जिसकी अनुपालना में दिनांक 27.03.2024 को पर्यावरण जन सुनवाई प्रस्तावित थी जो कि, अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी।
2 और चूकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.08.2006 के अनुक्रमिक अधिसूचना दिनांक 09.05.2022 के प्रावधानों के अनुसरण में पुन: जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 15 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध है:-
(अ) जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं
(ब) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल मुख्यालय, 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
(स) उप निदेशक, (एस) पर्यावरण प्रभाग एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय - जयपुर, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, ए 218, अरण्य भवन, झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया, जयपुर - राज. - 302004
(द) उप खण्ड अधिकारी, झुन्झुनूं।
(य) खनिज अभियन्ता, झुन्झुनूं।
(र) महा प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, झुन्झुनूं।
(ल) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा सख्या 8240, द्वितीय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर।
(व) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सी.पी. 01/90, प्रथम तल, राज कॉम्पलेक्स, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज 2 सीकर रोड, झुन्झुनूं। अत: सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 06.06.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे, पंचायत भवन, बामलास, तहसील गुढ़ा गौड़जी जिला - झुन्झुनूं में उपस्थित होकर अपने सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव / आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सी.पी. 01/90, प्रथम तल, राज कॉम्पलेक्स, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज 2 सीकर रोड, झुन्झुनूं में दिये जा सकते है।

(दीपक धनेटवाल)
क्षेत्रीय अधिकारी